# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक-14.11.2024

विषय:- थाना चौबेपुर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर चैन स्नैचर बहादुर चौधरी गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस, छिनैती का 01 अदद लाकेट पीली धातु , 01 अदद मोबाइल तथा 01 अदद मो.सा. बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर एवं सारनाथ पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुठभेड़ के दौरान आज दिनांक 14.11.2024 को समय करीब 03.45 बजे रजवारी हवाई पट्टी के पास से शातिर चैन स्नैचर बहादुर चौधरी पुत्र स्व0 शोधन चौधरी निवासी ग्राम ददरीघाट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर गिरफ्तार किया गया, मौके से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस, छिनैती का 01 अदद लाकेट पीली धातु , 01 अदद मोबाइल एण्ड्रायड तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल मौके से बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना चौबेपुर में मु.अ.सं. 738/24 धारा 109,317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन द्वारा 25000/- रु. पुरस्कार की घोषणा की गयी है।**

**घटना का विवरण-**

आज दिनांक 14.11.2024 को उ0नि0 प्रभाकर सिंह थाना चौबेपुर अपने हमराह के साथ देखभाल क्षेत्र, रात्रि गस्त,तलाश वांछित अपराधी व संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग में भंदहा कला नहर के पास मामूर थे कि थानाध्यक्ष सारनाथ विवेक त्रिपाठी अपनी पुलिस टीम के साथ भंदहा कला नहर के पास मिले तथा थानाध्यक्ष सारनाथ द्वारा चौबेपुर पुलिस टीम को अवगत कराया गया कि उनको मुखबिर खास द्वारा यह सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 12.10.2024 को पीएनबी बैंक के एटीएम पहड़िया के पास महिला की चैन की छिनैती करने वाले अभियुक्तों में से एक अभियुक्त को गाजीपुर पुलिस द्वारा मुठभेड़ में पकड़ा गया है तथा उसका दूसरा साथी गाजीपुर से भागते हुये राजवारी पुल से हवाई पट्टी के मार्ग से होगे हुये वाराणसी जा रहा है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है । इस सूचना पर पुलिस टीमें भंदहा कला से राजवारी की तरफ हवाई पट्टी के मार्ग से आगे बढ़ रही थीं कि तभी आरटी सेट से सूचना प्रसारित हुई कि एक संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति गाजीपुर के रास्ते से तेज

गति से वाराणसी की तरफ आ रहा है चेकिंग करना सुनिश्चित करें इस सूचना पर दोनों थानों की पुलिस टीमें राजवारी हवाई पट्टी पर चेकिंग करना प्रारम्भ कर दीं तभी एक व्यक्ति थोड़ी दूर पर मोटरसाईकिल से आता हुआ दिखाई दिया जिसे टार्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया गया तो वह गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया तेज गति होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर फिसल गयी वह व्यक्ति पुलिस टीम को अपनी तरफ आते देख जान से मारने की नीयत से अपनी कमर मे खोंसे हुये असलहे को निकालकर पुलिस वालो की तरफ फायर कर दिया जिससे पुलिस वाले बाल बाल बच गये तथा पुलिस वाले घेराबंदी कर आत्मसुरक्षार्थ न्यूनतम बल प्रयोग के सिद्धान्त के उपयोग का पालन करते हुये बदमाश की जीवन रक्षा को ध्यान में रखते हुये अपनी सरकारी पिस्टल 09 एमएम द्वारा फायर किया थोड़ी देर बाद बदमाश के गिरकर कराहने की आवाज सुनकर पुलिस वालों ने हिकमत अमली से अपनी साहस का परिचय देते हुये पास जाकर देखा तो बदमाश घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़ा है व उसका असलहा भी उसके पास जमीन के बगल में पड़ा है तथा वह अपना बायां पैर घुटने के नीचे पकड़कर कराह रहा है कृत्रिम रोशनी से देखा गया तो बदमाश के बायें पैर के घुटने के नीचे खूनालूदा चोट है । उक्त बदमाश का नाम पता पूँछते हुये शरीर का निरीक्षण किया गया तो कराहते हुये अपना नाम बहादुर चौधरी पुत्र स्व0 शोधन चौधरी निवासी ग्राम ददरीघाट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 31वर्ष बताया।

**विवरण पूछताछ-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त बहादुर चौधरी ने बताया कि मै व मेरा साथी अजय सिंह उर्फ भोलू ने मिलकर बनारस के सारनाथ क्षेत्र में पिछले माह पहड़िया पीएनबी बैंक के पास एक महिला की चैन छिनैती किये थे तथा पिछले माह ही तिलमापुर आशापुर में एक महिला की भी चैन की छिनैती किये थे तथा चोलापुर क्षेत्र के दो माह पूर्व बिरलोरिक स्कूल के पास से एक महिला की चैन कि छिनैती किये थे तथा छठ के दिन धरसौना गांव के चैन छीनें थे तथा डेढ माह पहले डीएलडब्लू कन्दवा से चैन की छिनैती किया था छिनैती में हम लोग अक्सर मोटरसाईकिल वाहन संख्या UP 61 X 0506 का प्रयोग करते है जो मेरे एक अन्य साथी की है। घटना में जब भी हम उसकी गाड़ी का इस्तेमाल करते तो उसको भी हिस्से के रूप में 5000/- रुपये देते है तथा छिनैती में प्राप्त धनो को स्वर्णकार को बेंच देते है तथा पैसो को आपस में बराबर बराबर बांट लेते है। कल रात को मेरे साथी अजय सिंह उर्फ भोलू को गाजीपुर पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया गया है। वहां की पुलिस मुझे भी तलाश कर रही थी उनसे बचने के लिये बनारस भाग कर जा रहा था कि आप लोगो नें मुझे घेर लिया अपने को घिरता देख मैने फायर कर दिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

बहादुर चौधरी पुत्र स्वशोधन चौधरी निवासी ग्राम ददरीघाट थाना को0तवाली जनपद गाजीपुर उम्र वर्ष 31।

**बरामदगी का विवरण-**

1- 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।

2- छिनैती का 01 अदद लाकेट पीली धातु।

3- 01 अदद मोबाइल एण्ड्रायड रियल मी रंग काला।

4- घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो आई स्मार्ट UP 61 X 0506।

**गिरफ्तार का दिनांक, समय व स्थान –**

दिनांक 14.11.2024, समय करीब 03.45 बजे,रजवारी हवाई पट्टी के पास थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 0738/2024 धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी

2.मु०अ०स० 460/24 धारा 304(1) बीएनएस थाना सारनाथ जनपद वाराणसी

3.मु०अ०स० 474/24 धारा 304(1) बीएनएस थाना सारनाथ जनपद वाराणसी

4.मु०अ०स० 787/2020 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

5.मु०अ०स० 0094/2019 धारा 380, 411 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

6.मु०अ०स० 0362/2019 धारा 392 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

7.मु०अ०स० 0084/2021 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

8.मु०अ०स० 0737/2020 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

9.मु०अ०स० 0787/2020 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

10. मु०अ०स० 0087/2018 धारा 302 भादवि थाना नरही जनपद बलिया

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**थाना चौबेपुर पुलिस टीम-**

उ.नि. प्रभाकर सिंह , का. गुलशन कुमार।

**थाना सारनाथ पुलिस टीम-**

उ.नि. विवेक त्रिपाठी थानाध्यक्ष, उ0नि0 अनिल कुमार सिंह, उ0नि0 भरत कुमार चौधरी, उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार , उ0नि0प्र0 संदीप कुमार शर्मा व चालक हे0का0 गोरख प्रसाद थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**


Galaxy S21 FE 5G
14 November 2024 14:36
Galaxy S21 FE 5G
14 November 2024 14:37